इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

**प्रेसविज्ञप्ति/PRESS RELEASE** **29.07.2024**

# 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम

बैंक का वैश्विक कारोबार **₹12.20 लाख करोड़** पर पहुंचा, जो विगत वर्ष की तुलना में **11**% अधिक है

## मुख्य बातें (जून 2023 के सापेक्ष जून 2024 को समाप्त तिमाही)

- जून 2023 में रु. ***1709* करोड़** के सापेक्ष जून 2024 में, **निवल लाभ 41%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. *2403* करोड़** रहा है।
- जून 2023 में **रु.** ***4135* करोड़** के सापेक्ष जून 2024 में, **परिचालन लाभ 9%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. *4502* करोड़** रहा है।
- जून 2023 में **रु. *5703* करोड़** के सापेक्ष जून 2024 में, **निवल ब्याज आय 8%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. *6178* करोड़** रहा है।
- **फीस आधारित आय** जून 2023 **में ₹671 करोड़** से **17%** बढ़कर जून 2024 में **₹788 करोड़ हो गई।**
- **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA)** जून 2023 में **0.95%** के सापेक्ष जून 2024 में **25 बीपीएस** बढ़कर **1.20%** हो गया।
- **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE)** जून 2023 में **17.88%** के सापेक्ष जून 2024 में **188 बीपीएस** बढ़कर **19.76%** हो गया।
- **अग्रिम पर प्रतिफल (YOA)** जून 2023 में ***8.53***% के सापेक्ष जून 2024 में **16 बीपीएस** बढ़कर **8.69%** हो गया।
- **निवेश पर प्रतिफल (YOI)** जून 2023 में **6.72%** के सापेक्ष जून 2024 में **43 बीपीएस** बढ़कर **7.15%** हो गया।
- जून 2023 के **रु. 479404 करोड़** के सापेक्ष **सकल अग्रिम** जून 2024 में वर्ष-दर-वर्ष **12%** बढ़कर **रु. 539123 करोड़** रहे है।
- जून 2023 में **रु. 276435 करोड़** के सापेक्ष जून 2024 में **रैम** (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) वर्ष-दर-वर्ष **13%** बढ़कर **रु. 313301 करोड़** हो गया।
- सकल घरेलू अग्रिमों में **रैम** (**RAM**) क्षेत्र का योगदान **62%** है। **खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई** अग्रिमों में क्रमशः **14%**, **18%** व **6%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई। **आवास ऋण (बंधक सहित)** में वर्ष-दर-वर्ष **13%** की वृद्धि एवं **ऑटो ऋण** में वर्ष-दर-वर्ष **55%** वृद्धि हुई।
- जून 2024 में **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र** के अग्रिमों का प्रतिशत एएनबीसी की **40%** की विनियामक आवश्यकता के सापेक्ष **43%** पर **रु. 179664 करोड़** रहा ।
- **कुल जमाएं** वर्ष दर वर्ष 10% बढ़ गई एवं जून 2023 में रु ***621539* करोड़** के सापेक्ष जून 2024 में **रु. 681183 करोड़** रही, कासा जमाओं और बचत जमाराशि दोनों में **6%** की वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई एवं **चालू जमाओं** में **5%** वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई।
- **घरेलू कासा अनुपात** 30 जून 2024 को **41%** रहा।
- 30 जून 2024 को **सीडी अनुपात 79%** रहा।
- **सकल एनपीए** जून 2023 में **5.47%** से जून 2024 में **170 बीपीएस** घटकर **3.77%** हो गया, **निवल एनपीए** जून 2023 में **0.70%** से जून 2024 **में 31 बीपीएस** घटकर **0.39%** हो गया।
- **प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर, TWO सहित)** जून 2023 में **95.10%** से जून 2024 में **156 बीपीएस** बढ़कर **96.66%** हो गया।
- जून 2023 में **1.57%** की तुलना में जून 2024 में **स्लिपेज अनुपात 1.50%** तक सीमित रहा।
- **पूंजी पर्याप्तता अनुपात 69 बीपीएस** बढ़कर **16.47%** हो गया। सीईटी-I में वर्ष दर वर्ष की आधार पर **111 बीपीएस** की वृद्धि हुई और यह **13.42%** हो गया, टियर I पूंजी में वर्ष दर वर्ष **105 बीपीएस** की वृद्धि हुई और यह **13.93%** हो गया।


INDSMART
Smart Banking
आपका अपना बैंक, हर कदम आपके साथ
Your own Bank, Always with you

# मुख्य बिन्दु (मार्च 2024 के सापेक्ष जून 2024 को समाप्त तिमाही)

- मार्च 2024 में **रु. 2247 करोड़** के सापेक्ष **निवल लाभ** तिमाही-दर-तिमाही **7%** बढ़कर जून 2024 में ***रु. 2403* करोड़** रहा।
- मार्च 2024 में **रु. 4305 करोड़** के सापेक्ष **परिचालन लाभ** तिमाही-दर-तिमाही **5%** बढ़कर जून 2024 में ***रु. 4502* करोड़** रहा।
- **निवल ब्याज आय** तिमाही-दर-तिमाही **3%** बढ़कर जून 2024 में **6178 करोड़ रुपये** हो गई, जबकि मार्च 2024 में यह **6015 करोड़ रुपये** थी।
- मार्च 2024 में **1.15%** के सापेक्ष जून 2024 में **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA)** बढ़कर **1.20%** रहा।
- **निवेश पर प्रतिफल** मार्च 2024 के **6.88%** से बढ़कर जून 2024 में **7.15%** हो गया।
- **घरेलू निवल ब्याज मार्जिन** (***NIM***) मार्च 2024 में **3.52%** से बढ़कर जून 2024 में **3.53%** हो गया
- **लागत से आय अनुपात** मार्च 2024 के **47.99% से 368 बीपीएस** बढ़कर जून 2024 में **44.31%** हो गया
- मार्च 2024 में **3.95%** के सापेक्ष **सकल एनपीए** तिमाही-दर-तिमाही **18 बीपीएस** घटकर जून 2024 में **3.77%** हो गया, मार्च 2024 में **0.43%** के सापेक्ष **निवल एनपीए** तिमाही-दर-तिमाही **4 बीपीएस** घटकर जून 2024 में **0.39%** हो गया।

**नेटवर्क:**

- बैंक की **5846 घरेलू शाखाएँ** (इनमें 3 डीबीयू भी शामिल हैं) हैं जिनमें से **1983** ग्रामीण शाखाएँ हैं, **1531** अर्ध-शहरी शाखाएँ हैं, **1173** शहरी शाखाएँ हैं एवं **1159** मेट्रो शाखाएँ हैं। बैंक की **3** ओवरसीज़ शाखाएँ और **1** आईबीयू है।
- बैंक के **5093** एटीएम व बीएनए हैं एवं **11945** बीसी हैं।

**डिजिटल बैंकिंग:**

- वित्तीय वर्ष 25 की पहली तिमाही में डिजिटल चैनलों के माध्यम से **₹36,678** करोड़ का कारोबार हुआ है। अब तक कुल **84** डिजिटल यात्राएं, उपयोगिताएँ और प्रक्रियाएँ शुरू की गई हैं।
- मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या वर्ष दर वर्ष **33%** बढ़कर **रु 1.75 करोड़** हो गई है।
- यूपीआई उपयोगकर्ताओं और नेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं में क्रमशः **30%** और **26%** की वार्षिक वृद्धि देखी गई है, जो क्रमशः **1.85 करोड़** और **1.09 करोड़** तक पहुंच गई है।
- क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं की संख्या में विगत वर्ष की तुलना में वर्ष दर वर्ष **40%** की वृद्धि हुई है, जो **2.38** लाख हो गई है, जबकि पॉइंट ऑफ सेल (PoS) टर्मिनलों की कुल संख्या में विगत वर्ष की तुलना में वर्ष दर वर्ष **66%** की वृद्धि हुई है, जो कुल **21,656** तक पहुंच गई है।

**पुरस्कार एवं प्रशस्तियां:**

- बैंक को एसीआई साउथ एशिया कन्वर्ज 2024 में सर्वश्रेष्ठ कस्टमर एक्सपिरियन्स इनिशियेटिव अवार्ड (सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक)प्राप्त हुआ है।
- इंडियन बैंक और दो प्रायोजित आरआरबी को वित्त वर्ष 24 के लिए नाबार्ड द्वारा एसजीएच लिंकेज के तहत तमिलनाडु में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैंक के रूप में चुना गया है।


Smart Banking
आपका अपना बैंक, हर कदम आपके साथ
Your own Bank, Always with you

- बैंक को वार्षिक लक्ष्य (वित्त वर्ष 24) का 112% हासिल करने के लिए पीएफआरडीए से एपीवाई वार्षिक विजनरी अचीवर पुरस्कार मिला है।

## हमारा फोकस

हमारा लक्ष्य सशक्त कर्मचारियों की सूझबूझ और प्रौद्योगिकी के स्मार्ट उपयोग के माध्यम से ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मूल्यवर्धित और उपयुक्त समाधान प्रदान करना है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और व्यक्तिगत सेवा के संयोजन के माध्यम से, हमारा लक्ष्य बैंकिंग को सरल बनाना है, जिससे यह सभी के लिए अधिक सुलभ, सुविधाजनक और सुरक्षित बन सके।

बैंक ने ग्राहकों को सहज और सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिजिटल उत्पादों की एक श्रृंखला शुरू की है। INDSMART - ग्राहकों के लिए कई तरह की सुविधाओं वाला नया ओमनी चैनल बैंकिंग एप्लिकेशन लॉन्च किया गया है। ऐप में कई विशेषताएं हैं जैसे, एकीकृत बिल भुगतान, संपर्क सूत्र से भुगतान, ई-शॉपिंग / एम-शॉपिंग, क्रॉस प्लेटफ़ॉर्म एक्सेसिबिलिटी, लक्ष्य प्लानर आदि जो हमारे मूल्यवान ग्राहकों को सहज और समृद्ध अनुभव प्रदान करते हैं। इसके अलावा, एक क्लिक में, कोई भी व्यक्ति कृषि आभूषण ऋण, शिशु मुद्रा ऋण, व्यक्तिगत ऋण के लिए आवेदन कर सकता है, एमएसएमई और केसीसी ऋण को नवीनीकृत कर सकता है, सावधि जमा और बचत खाता खोल सकता है, आदि। कम लागत वाली जमाराशियों को प्राप्त करने के लिए, बैंक ने प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट और सरकारी विभागों को अनुकूलित सेवा सुनिश्चित करने के लिए भारत के प्रमुख शहरों में लायबिलिटी वर्टिकल स्थापित किए हैं।

हमारा लक्ष्य एक विश्वसनीय भागीदार बनना है जो प्रौद्योगिकी का उपयोग करके एक ही छत के नीचे वित्तीय उत्पादों की पूरी श्रृंखला उपलब्ध कराकर सकारात्मक बदलाव लाए और अपने ग्राहकों को निरंतर विकसित होते वित्तीय परिदृश्य में सफल होने में सक्षम बनाए।


Smart Banking
आपका अपना बैंक, हर कदम आपके साथ
Your own Bank, Always with you